तीन साल में 5 बैच के माध्यम से 405 आदर्श विद्यालयों के हेडमास्टर को दी जाएगी ट्रेनिंग

आईआईएम रांची में 80 आदर्श विद्यालयों के प्राचार्य की ट्रेनिंग शुरू, 5 दिनों में होंगे 20 सेशन

सिटी रिपोर्टर | रांची

आईआईएम रांची में राज्य के विभिन्न जिला के 405 आदर्श विद्यालयों के हेडमास्टरों को ट्रेनिंग दिया जाना है। इसके तहत पहले फेज में 80 आदर्श विद्यालयों के हेडमास्टरों का ट्रेनिंग प्रोग्राम शुक्रवार से शुरू हुआ। यह ट्रेनिंग प्रोग्राम लीडरशिप व कैपेसिटी बिल्डिंग पर आधारित है। जो तीन फेज में अगले तीन साल तक आयोजित किया जाएगा। इसमें हेडमास्टरों का पांच बैच होगा। जिसमें पहले बैच की ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू हो चुकी है। पांच दिनों में संस्थान के 12 से 15 प्रोफेसर अलग-अगल विषयों पर देंगे ट्रेनिंग।

इसमें रणनीतिक योजना, डिजिटल साक्षरता, छात्रों के सीखने और विकास, समूहों में काम करने जैसे विषयों के बारे में बताया जाएगा। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए पिछले साल सितंबर माह में झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल, जेईपीसी व आईआईएम रांची के बीच एमओयू हुआ था। उद्घाटन समारोह में शिक्षा सचिव आईएएस के रवि कुमार, जेईपीसी के डायरेक्टर किरण कुमार पासी, आईआईएम रांची के डायरेक्टर डॉ. दीपक श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। अपने संबोधन में के रवि कुमार ने शिक्षा प्रणाली में टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह ट्रेनिंग बहुत महत्वपूर्ण है, इसका लाभ लें। इसके माध्यम से स्कूली शिक्षा के बेहतरी को बढ़ावा मिलेगा। मौके पर प्रोग्राम डायरेक्टर प्रो. आदित्यशंकर मिश्रा, प्रो. टी साई विजय, प्रो. साक्षी, प्रो. अंकुर झा आदि उपस्थित रहे।

लीडरशिप व कैपेसिटी बिल्डिंग पर दिया जा रहा प्रशिक्षण

शिक्षा सचिव, जेईपीसी के डायरेक्टर, आईआईएम रांची के डायरेक्टर के साथ प्रशिक्षण के लिए आए स्कूलों के प्राचार्य।

पहले दिन तीन सेशन, स्ट्रेटजिक प्लानिंग, प्रोसेस इनोवेशन पर दी गई ट्रेनिंग

पहले दिन के ट्रेनिंग में तीन सेशन का आयोजन किया गया। जिसमें पहला सेशन स्ट्रेटजिक प्लानिंग, दूसरा सेशन प्रोसेस इनोवेशन व तिसरा सेशन निगोसिएशन स्किल्स पर हुआ। इसमें स्ट्रेटजिक प्लानिंग के तहत स्कूलों के लांग टर्म प्लानिंग को बेहतर करने के बोर में बताया गया। प्रोसेस इनोवेशन के तहत स्कूलों में उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से कैसे इनोवेशन कर बेहतर ढंग से स्कूलों का संचालन कर सकते हैं इसके बारे में बताया गया।

आज डिजिटल लिटरेसी और डेटा एनालिसिस पर दी जाएगी जानकारी

शनिवार को डिजीटल लिटरेसी व डेटा एनालिसिस पर ट्रेनिंग होगी। जिसमें लैब में डेटा एनालिसिस के बारे में बताया जाएगा। जिसके माध्यम से स्कूल के पिछले कुछ साल के डेटा के अनुसार स्कूल के परफॉर्मेंस के बारे में पता करने के बारे में बताया जाएगा। इसके माध्यम से स्कूल के परफॉर्मेंस के बारे में जान सकेंगे, उसके आधार पर आगे के लिए रणनीति बना सकेंग। इंटरनेट व डिजीटल प्लेटफॉर्म का बेहतर इस्तेमाल करने के बारे में बताया जाएगा।

Dainik Bhaskar, 28.01.2023, Pg. 03